## चंद पैसों की लालच में बंद कोयला खदानों में गरीबों से कराया जाता है उत्खनन, इकलहरा का खदान का मामला

# बंद कोयला खदान में फिर हुआ हादसा, एक महिला सहित चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया (साजिद खान)

कोयलांचल में अवैध कोयला उत्खनन के चलते कई हादसे हो चुके हैं । कईयो की जान चली गई और कई बुरी तरह घायल होकर जीवन भर के लिए अपंग हो गए । रविवार तड़के भी इकलेहरा की बंद ओपन कास्ट कोयला खदान में हादसा हो गया । जिसमें चार लोग घायल हुए । इन घायलों में 01 महिला है और 01 घायल को नागपुर रेफर किया गया है । बाकी तीन घायल छिंदवाड़ा अस्पताल में भर्ती है।

मिली जानकारी के अनुसार इकलेहरा की बंद कोयला खदान से प्रशासन और वेकोली प्रबंधन की ओर से प्रतिबंध लगाने के बावजूद स्थानीय लोगों द्वारा अवैध रूप से कोयला खदान के मुहाने के अंदर घुसकर अवैध रूप से कोयला निकालने का सिलसिला जा रही है । रविवार को लगभग सुबह 4 बजे जब कुछ लोग मुहाने के अंदर कोयला निकाल रहे थे , तो छानी गिरने के चलते चार लोग उसमें दब गए । सूत्रों ने बताया कि वहां 4 से अधिक लोग कोयला निकाल रहे थे ।

घटना होने के तुरंत बाद जो लोग दबे थे उन्हें वहां मौजूद अन्य लोगों और उनके परिजनों ने बाहर निकाल और सुबह - सुबह आनन - फानन में अस्पताल ले गए । जब यह जानकारी धीरे - धीरे अन्य लोगों को लगी तो इलाके में चर्चाएं फैल गई और यह खबर प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंची जो घटना की जानकारी लेने बंद खदान स्थल पर पहुंचे जहां उन्हें ऐसी कोई भी घटना की पुष्टि नहीं हुई । पुलिस भी पहुंची उसे भी मौके पर कुछ पता नहीं चला । उसके बाद पुलिस ने अपने सूत्रों से जानकारी जुटाई , तब पता लगा , कि इस घटना में रिजवान खान नामक युवक गंभीर घायल हुआ । जिसे नागपुर इलाज के लिए ले जाया गया । वहीं अन्य तीन में कुणाल कोचे , शादाब खान और एक महिला सायना खान शामिल है ।

इन तीनों का इलाज छिंदवाड़ा के विभिन्न अस्पतालों में जारी है । वहीं इस घटना से प्रबंधन द्वारा खदान के

### मुआरी खदान में दो माह पहले हुआ था हादसा, गई थी दो लोगों की जान



लगभग दो माह पूर्व 24 सितंबर को कन्हान कोयला क्षेत्र की मुआरी बंद ओपन कास्ट कोयला खदान में अवैध रूप से कोयला उत्खनन करने के दौरान भी हादसा हुआ था । जिसमें दो युवक हातम और उबैद की जान चली गई थी और एक मुकेश नाम का युवक गंभीर घायल हुआ था । इस घटना से पूरा कोयलांचल क्षेत्र झकझोर गया था , बावजूद इसके अवैध रूप से कोयला उत्खनन करने वाले और करवाने वालों ने कोई सबक नहीं लिया और ना , ही प्रशासन ने ऐसा कोई ठोस कदम उठाया जिससे ऐसा करने वालों और करवाने वालों के हौसले पस्त हो सके । इस घटना के विरोध में भाजपा पगारा मण्डल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया था ।

### रावनवाड़ा क्षेत्र में जारी है अवैध उत्खनन

कोयलांचल क्षेत्र में रावनवाड़ा और दिघावानी का क्षेत्र अवैध कोयला उत्खनन के मामले में प्रख्यात है । यहां कई कोयला खदानें बंद हो चुकी है । जिनके मुहानों को खोलकर अवैध कोयले का व्यापार करने वाले लोग गरीबों को 200 - 300 रूपए रुपए का लालच देकर उनसे कोयला उत्खनन करवाते हैं । जब कभी प्रशासन मुस्तैद होता है , तो थोड़े समय के लिए काम रोक देते हैं और उसके बाद फिर शुरू हो जाते हैं । ऐसा नहीं है कि यहां हादसे नहीं हुए हैं । इधर भी कई हादसे हुए हैं और जान भी गई है , लेकिन जो इस काम को अंजाम देते हैं वह इतने ढीढ हैं , कि वह किसी भी हाल में अपना यह धंधा नहीं छोड़ना चाहते । ऐसा भी नहीं है , कि जो लोग इस काम के सरगना है , उनकी जानकारी प्रशासन को जानकारी ना हो , बावजूद इसके यह अपना काम बैखौफ कर रहे हैं ।



## जिले के स्कूलों के टाइमों में होगा परिवर्तन

### शीत लहर का कहर, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्रदेश में शीत लहर के साथ ही जिले में ठंड का कहर जारी हो गया है। विगत दिनों हरिभूमि ने कड़ाके की ठंड को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी।ठंड को देखते हुए जिला कलेक्टर ने सुबह लगने वाले स्कूलों के टाइमिंग में परिवर्तन किया है ताकि अधिक ठंड के शिकार से मासूमों को बचाया जा सके।




मध्य प्रदेश में शीतलहर का विकराल रूप दिनों दिन बढ़ता जा रहा है और शीतलहर का यह कहर फिलहाल थमेगा नहीं। जिसे देखते हुए विभिन्न जिलों में सुबह के समय लगने वाले स्कूलों का समय परिवर्तन किए जाने के आदेश जारी हुए हैं। इसी के तहत छिंदवाड़ा कलेक्टर द्वारा सुबह लगने वाले स्कूलों के समय में परिवर्तन करने के आदेश जारी किए गए हैं, जो की तत्काल प्रभाव से अमल में लाए जाएंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जारी इस आदेश के अनुसार छिंदवाड़ा जिले के सभी शासकीय, अर्धशासकीय, मान्यता प्राप्त एवं शिक्षा मंडल से संबंधित स्कूलों को तत्काल प्रभाव से इस आदेश का पालन करना होगा। आदेश के अनुसार सुबह 8:30 बजे के पहले कोई भी स्कूल संचालित नहीं किए जाएंगे। कलेक्टर द्वारा यह आदेश बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए और बढ़ती शीतलहर और ठंड के प्रकोप के मद्देनजर आदेश जारी किए गए हैं। इस आदेश के साथ ही कई स्कूलों ने अपने समय में परिवर्तन किया है। गौरतलब हो कि छिंदवाड़ा सहित मध्य प्रदेश के कई जिलों में शीत लहर दिनों दिन जोर पकड़ रही है। जिसको देखते हुए आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तो वहीं सुबह लगने वाले स्कूलों के समय के हिसाब से बच्चों के स्वास्थ्य पर भी असर हो रहा है। इसे देखते हुए सुबह लगने वाले स्कूलों के समय में परिवर्तन के आदेश जारी किए गए हैं।

### बिछुआ में भव्य कवि समागम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन 23 नवंबर को

**बिछुआ।** राष्ट्रीय कवि संगम जिला छिंदवाड़ा के तत्वावधान में जनजातीय विकासखंड बिछुआ में आगामी 23 नवंबर 2025, रविवार को भव्य कवि समागम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन स्थानीय साहित्य,संस्कृति और राष्ट्र भावना को समर्पित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम माना जा रहा है।कार्यक्रम का आयोजन मंगलम लान,बिछुआ में होगा,जहाँ सुबह 10 बजे से पंजीयन प्रारम्भ होगा। इसके पश्चात सुबह 11 बजे से कवि समागम एवं कवि सम्मेलन की औपचारिक शुरुआत की जाएगी। इस आयोजन में जिले और आसपास के क्षेत्रों के अनेक प्रतिष्ठित कवियों के शामिल होने की संभावना है।राष्ट्रीय कवि संगम के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक कवियों एवं साहित्यप्रेमियों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। आयोजन समिति के अनुसार यह सम्मेलन जनजातीय क्षेत्र में साहित्यिक चेतना,राष्ट्र जागरण तथा सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम में उपस्थित सभी कवियों को अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रधर्म, संस्कृति और सामाजिक जागरूकता का संदेश देने का अवसर मिलेगा। आयोजकों ने बताया कि यह कवि सम्मेलन क्षेत्र की रचनात्मक ऊर्जा को एक मंच पर लाने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

## सांसद ने जनजातीय गौरव दिवस पर आदिवासी वर्ग को दी सौगातें

### खापाभाट में 5 लाख की राशि से सामुदायिक भवन और 2 लाख की राशि से होगा रंगमंच निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर छिन्दवाड़ा में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन हर्षोंल्लास के साथ किया गया। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने आदिवासी वर्ग के लोगों को कई सौगातें भी दी है। जिसमें खापाबाट वार्ड नं. 10 में बड़ादेव मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख की राशि एवं बिरसा मुण्डा कॉलोनी में 2 लाख की राशि से



रंगमंच का निर्माण किया जाएगा। सांसद श्री साहू की पहल पर अब मेडिकल कॉलेज रेलवे ओवर ब्रिज का नाम बिरसा मुण्डा ब्रिज रखा गया है वहीं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाले जिले भर के लगभग 100 बच्चों को दिल्ली का भ्रमण कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन आदिवासी वर्ग के लोगों के लिए उस समय और यादगार बन गया जब सांसद बंटी विवेक साहू ने उन्हें कई सौगातें भी प्रदान की।

### सांसद ने बढ़ाया मदद का हाथ, पीड़ति परिवार को दी 10 हजार की आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा।** चौरई विकासखंड के ग्राम कपुर्दा में 10 नवम्बर की रात घटी हृदय विदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया था। अज्ञात कारणों से लगी आग ने श्रीमती सुषमा मिश्रा के कच्चे मकान को कुछ ही मिनटों में पूरी तरह राख में बदल दिया था। ऐसे कठिन समय में सांसद बंटी विवेक साहू ने मदद का हाथ बढाते हुए पीड़ति परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए 10 हजार की व्यक्तिगत नगद सहायता प्रदान की है। सांसद ने पीड़ति परिवार को आश्वासन दिया कि वे आगे भी हर संभव मदद हेतु प्रशासन से चर्चा करेंगे और परिवार को आवश्यक सहयोग दिलाने का प्रयास करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह आर्थिक सहयोग पीड़ति परिवार के लिए राहत की एक किरण है। उल्लेखनीय है कि आग इतनी भयंकर थी कि मकान की हर एक वस्तु जलकर खाक हो गई थी। घटना के समय परिवार घर पर मौजूद नहीं था, लेकिन एक बड़ी जनहानि टल गई। इस अवसर पर चौरई मंडल अध्यक्ष मदन राय प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### संवैधानिक मूल्यों पर प्रशिक्षण संपन्न



**पांढुर्ना।** आज स्थानीय धनुष लॉन में संवैधानिक मूल्यों पर प्रशिक्षण समारोह संपन्न हुआ। इसमें वुई जी पिपुल अभियान दिल्ली के ट्रेनर नवेंदु मिश्रा ने संविधान के विचार, जिम्मेदार नागरिक की जमीनी यात्रा, संविधान के मूल्य, अधिकार, कर्तव्य, नीति निर्देशक सिद्धांत, संविधान सभा की कहानी और भारतीय संविधान के निर्माणक के इतिहास की जानकारी दी। चरखा संघ नागपुर से जय मेश्राम एवं हेमंत राउत ने भारत के आजादी की लडाई एवं अर्थव्यवस्थों चरखे का महत्व बताकर चरखा चलाने का प्रदर्शन दिया। प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक निलेश उईके, कार्यक्रम अध्यक्ष संविधान जागृति अभियान महाराष्ट्र के अरविंद वानखेडा ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र का विरण किया।

## जिले के 99.9 प्रतिशत मतदाताओं तक पहुंच चुके हैं गणना फॉर्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जारी है। जिले की वर्तमान सूची में दर्ज कुल 12 लाख 26 हजार 602 मतदाताओं में से 12 लाख 25 हजार 26 अर्थात 99.9 प्रतिशत मतदाताओं तक बीएलओ द्वारा गणना फॉर्म पहुंचा दिए गए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत गणना चरण का कार्य 04 दिसंबर तक पूर्ण करना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरेंद्र नारायन ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि बीएलओ द्वारा प्रदान किए गए गणना पत्रक को भरकर शीघ्र ही अपने बीएलओ को वापस अवश्य करें। यदि गणना पत्रक भरने में किसी प्रकार की कठिनाई हो, तो तुरंत अपने बीएलओ से संपर्क करें, या निकटतम मतदाता सहायता केंद्र से जानकारी प्राप्त करें। मतदाता सहायता केंद्र सभी ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डों में बनाए गए हैं। सभी मतदाताओं के सहयोग से एसआईआर का कार्य समय पर एवं सुचारु रूप से पूर्ण किया जा सकेगा। जागरूक मतदाता बनिए, आज ही गणना पत्रक भरकर अपने बीएलओ को दीजिए।

## जिले के युवा जनजातीय गौरव राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित

### अनुसूचित जनजाति वर्ग की 2 छात्राओं का प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के हस्ते हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष पर देशभर में पाँचवाँ जनजातीय गौरव दिवस सम्मानपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के नर्मदा जिले से राष्ट्र को वर्चुअल रूप से संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में 15 नवंबर 2025 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम जबलपुर जिले के गैरिसन ग्राउंड में आयोजित हुआ। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिले की दो जनजातीय मेधावी छात्राओं का सम्मान किया। साथ ही कु. वैष्णवी सरियाम को विज्ञान पुरस्कार के अंतर्गत महाराजा शंकर शाह पुरस्कार योजना के अंतर्गत 50000 रुपए एवं कु.यशिका धुर्वे को रानी दुर्गावती मेधावी पुरस्कार योजना के अंतर्गत 51000 रूपये की राशि का बैंक ड्राफ्ट प्रदान किया गया।

छिन्दवाड़ा जिले की जनजातीय बेटी कु. वैष्णवी सरियाम ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में विज्ञान संकाय के विषयों में पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 'मेधावी छात्रा पुरस्कार योजना' के अंतर्गत 'बालिका विज्ञान पुरस्कार' से सम्मानित करते हुए, 50000 रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा यह पुरस्कार उन 10 जनजातीय वर्ग की बालिकाओं को दिया जाता है, जिन्होंने विज्ञान संकाय के विषयों (भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान एवं गणित) में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हों और प्रदेश में सर्वोच्च अंक अर्जित किए हों। राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा मूल अंक सूची और जाति प्रमाण-पत्र का गहन सत्यापन करने के बाद वैष्णवी को प्रथम स्थान के साथ पुरस्कार के लिए चुना गया है।

## जनजातीय गांवों के विकास के लिए हम संकल्पित : सांसद

### 61 वे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुआ 457 मरीजों का उपचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश में जनजातीय और गरीब कल्याण व जन कल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं और आज उन्हीं की योजनाओं से दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत एक महाशक्ति बनकर उभर कर आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, हमारे जिले के दूर दराज क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिले उनकी बड़ी बीमारियों का इलाज अच्छे अस्पताल में हो सके इस उद्देश्य को लेकर स्वास्थ्य शिविर आयोजित हो रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की योजनाओं के साथ हमारी सरकार जनजातीय गांवों के विकास को लेकर संकल्पित है।

उक्त आशय के उदगार तामिया मंडल के ग्राम इटावा में आयोजित 61 वे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यक्त किये। सांसद ने कहा कि प्रदेश की मोहन यादव की सरकार में भी स्वास्थ्य को लेकर अच्छे काम हो रहे हैं, मेडिकल कॉलेज के लिए 100 करोड से अधिक उन्होंने प्रदान किया और जिले में प्रदेश में सबसे अधिक 88 उप एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाये जा रहे है।

### टमाटर के साथ मेथी, बटाना और धनिया के दामों में आया उछाल

# महिलाओं का बिगड़ रहा रसोई का बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नवंबर-दिसंबर का महीना जिले में सब्जियों की सौगात लेकर आता है। जिले में इस सीजन में सब्जियों के दाम में गिरावट के साथ बाजार में बहुत अधिक सब्जियां उपलब्ध होती है। परंतु इस वर्ष बारिश के चलते सब्जियों के दाम आसमान छू रहे है। सब्जियां सस्ती होने की बजाए महंगी हो रही है। आलू जैसी सब्जी के दाम पचास रूपए प्रति किलो तक पहुंच गए है।



ठंड का सीजन शुरू हो गया है। हरी सब्जियों का सेवन इस मौसम में सेहत के लिए फायदेमंद बताई जाती है लेकिन मौजूदा समय में बाजार में इनके भाव जिस तरह चढ़े हुए हैं उन्हें खरीदने में लोगों को पसीना आ रहा है। कोई भी सब्जी 60 रुपए किलों से कम नहीं मिल रही है।

थोक मंडी में भी चिल्लर व्यापारियों को बेहद सस्ते दामों में ये उपलब्ध नहीं हो रही है। भाव तो वहां भी तेज हैं लेकिन शहर में लगने वाले चिल्लर बाजारों में थोक में खीरीदी से डेढ़ से दो गुना ज्यादा भाव में लोगों को खरीदना पड़ रहा है। टमाटर एकदम से महंगा हो गया है। चिल्लर बाजार में टमाटर क्वालिटी के अनुसार 50 से 70 रुपए किलो तक पहुंच गया है। यही हाल परबल, शिमला, मेभी, हरी मटर के भी है। ठंड में सब्जियों की डिमांड बढ़ जाती है।

इधर शादी विवाह का मौसम भी शुरू हो गया है। ऐसे में मांग बढ़ने और आपूर्ति कम होने के कारण सब्जियों के भाव बेकाबू हो रहे हैं।मेथी और हरा बटाना, धनिया में सबसे अधिक उछाल ठंड में मेथी की आवक मंडी में शुरू हो गई है। बाजार में बड़े पत्ते की मेथी ज्यादा आ रही है। ये भाजी ही 100 रुपए प्रति किलो से तक मिल रही है। छोटे पत्ते की मैथी भाजी की डिमांड सबसे ज्यादा है। इसकी आवक अभी कम हो रही है। 120 रुपए प्रति किलो से ज्यादा इसके भाव है। इसी तरह हरे बटाने भी इसी कीमत के आसपास मिल रहे हैं। मंडी सूत्रों के अनुसार बटाने की क्वालिटी अभी अच्छी नहीं है। हरे और मीठे बटाने आने में अभी समय है लेकिन शादी ब्याह के अयोजनों में इसकी सबसे ज्यादा मांग होने के कारण इसके दाम भी चढ़े हुए हैं। हरा बटाना भी छिंदवाड़ा में बाहर से आने के कारण महंगा है।

#### एक नजर सब्जी बाजार के भाव पर

टमाटर-50 से 70 रुपए
शिमला मिर्च- 80 रुपए
सेमी-60 से 80 रुपए
मेथी भाजी-80 से 100 रुपए
हरा बटाना- 100 से 120 रुपए
हरा धनिया- 120 से 150 रूपए
आलू- 30-50 रुपए
बैंगन-40 रुपए किलो
फूल गोभी-40 से 60

### विद्यार्थियों ने मनाया डिल्ड्रेंस डे

**पांढुर्णा।** रामशांति विद्यामंदिर में चिल्ड्रेंस डे का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। सुबह की प्रार्थना के दौरान पंडित जवाहरलाल नेहरू का बच्चों के प्रति प्रेम एवं दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद दिन में विद्यार्थियों के लिए रोचक खेल एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इसमें क्रिकेट, बास्केटबॉल, चिकन रेस, पत्तल रेस, बलून बैलेंस, सेक रेस जैसे मजेदार खेलों समारोह में उर्जा भर दी। शिक्षकों द्वारा भी गीत, नृत्य, कविता एवं नाटिका प्रस्तुत की गई। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी बच्चों को आश्चर्य चकित कर दिया। चिल्ड्रेंस डे समारोह बच्चों के लिए मनोरंजन, सीख और उत्साह का सुंदर संगम साबित हुआ। स्कूल परिसर दिनभर बच्चों की हंसीखुशी से गूंजता रहा।



## गबन की राशि को लेकर आज देना होगा स्पष्टीकरण, लगातार विवादों के चलते रुक गया ग्राम का विकास

# गबन की राशि को लेकर ग्राम पंचायत रामाकोना सुर्खियों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ग्राम पंचायत रामाकोना की सरपंच पर लगे भ्रष्ट्राचार का आरोप सिद्ध होने के बाद जनपद पंचायत द्वारा 3 लाख सढसठ हजार रूपयें की राषी जमा करने के आदेष गत दिनों पूर्व दिये गये थे। सरपंच द्वारा राषी जमा नही किये जाने के कारण स्थानीय जप प्रषासन द्वारा जिला पंचायत को इसकी सूचना देकर अगली कार्यवाही प्रस्तावित की थी। जिस पर अमल करते हुये जिला पंचायत प्रषासन द्वारा सरपंच श्रीमती श्वेता गोहेल को 17 नवबरं को उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का नोटिस जारी किया है।

विदित हो कि, सरपंच द्वारा 3 लाख 67 हजार पचपन रूपयें का गबन करना जांच के पष्चात सिद्ध हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुये जिला पंचायत प्रषासन ने 17 नवंबर अंतिम सुनवाई की तारीख तय की गई हैं। अब देखना यह है कि, क्या सरपंच द्वारा 17 नवंबर को उपस्थित होकर राषी जमा नही किये जाने का स्पष्टीकरण दिया जाता है या फिर राषी जमा की जाती है।सरपंच के प्रति अविष्वास बरकरार ग्राम पंचायत रामाकोना की सरपंच द्वारा राषी का दुरूपयोंग कर भ्रष्ट्राचार किये जाने का मामला उजागर होने के बाद पंचो में भारी असंतोष है।

पंच सरपंच की कार्यप्रणाली के प्रति अविष्वास व्यक्त करते है। सरपंच के इसतरह के व्यवहार से पंचायत के भीतर बढती असंतुष्टि से ग्राम का विकास अवरूद्ध हो रहा है। पूर्व उपसरपंच मुन्नाभाई कलाम का कहना है कि, भ्रष्ट्राचार का आरोप सिद्ध होने के बावजूद भी सरपंच द्वारा राषी जमा नही कर मनमानी की जा रही है। साथही प्रषासन के आदेष की अवहेलना की जा रही है।

### आरोप प्रत्यारोप में रुक गया है ग्राम पंचायत का विकास



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लगातार विवादों में रहने वाली ग्राम पंचायत रामाकोना में आरोप प्रत्यारोप और जनप्रतिनिधियों के लगातार चल रहे विवाद के चलते ग्राम का विकास कार्य पूरी तरह ठप्प हो गया है,जनता के द्वारा विभिन्न समस्याओं के समाधान करने को लेकर जिन जनप्रतिनिधियों को मतदान कर पंचायत में विकास के लिए भेजा था,वह जनप्रतिनिधि अब सिर्फ एक दूसरे की टांग खींचने में दिखाई पड़ रहे हैं, वहीं दूसरी ग्राम पंचायत विभिन्न वार्डों की साफ सफाई, पेयजल सप्लाई, के अलावा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार में भी रुकावटें आ रही है।

## रानीकामथ में हुआ संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ

**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा लीलाधर राऊत जी सुपुत्र उज्ज्वल राऊत जी के निजनिवास CM राइस स्कूल के पास,रानीकामथ,गुरैया छिन्दवाड़ा,में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,कमलेश सूर्यवंशी,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,सचिन साहू,विक्की नोथानी,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,दशरथ वर्मा,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,मैउयर गोशामी,दिलीप चौधरी,साहिल मालवीय,रनवीर मालवीय,प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर,अर्जुन ठाकुर,दीपक यादव,पप्पू वंदेवार,बलराम वंदेवार,अतुल विश्वकर्मा,आदेश मिश्रा,दुर्गेश चंदेल,राहुल निर्मलकर,दिवाकर मालवीय,राम शुक्ला,अभिषेक ठाकुर,हर्षित पटेल,शिवा पटेल,शेंकी पटेल,नयन पटेल जी,गौरब पटेल,चंचलेश मालवीय,गौरव-सौरव मर्सकोले,अंकित वसूले,मनोहर रघुवंशी,हर्षित साहू,नितेश नागवंशी,अनित साहू,विनय सानोडिया एवं समस्त राउत परिवार के साथ साथ समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे। ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार ने बताया कि यूट्यूब में ग्रुप के चैनल में भी लाइव प्रसारण देख सकते है ग्रुप द्वारा कई वर्षों से धर्म का प्रचार.प्रसार किया जा रहा है साथ ही सभी को जोड़ा जा रहा हैं।

## रामपेट में आंखों की जांच शिविर का हुआ आयोजन

**सौंसर।** ग्राम रामपेठ में रविवार की श्री विठ्ठल मंदिर परिसर में आंखों की जांच एवं निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया, इस दौरान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद के संबंध में डॉक्टरो से जानकारी प्राप्त की, कार्यक्रम में रविन्द्र भकने, वासुदेव आवरी, केशव किनकर, राजू खंडाइत, बेनीराम धवले, राजेंद्र आवरी, गोपी भकने सौसर, राजू भकने, गोमजी उइके, गोपाल भकने, सोनू भकने, राजेंद्र भोजने आशुतोष भकने, दीपक आवरी, पंकज आवरी, आशुतोष किनकर, लोकेश आवरी, तुषार धवले, संजय घोड़मारे,आदि थे।

## सौंसर अस्पताल में किया मरीजों को फल वितरण



**सौंसर।** नगर सौसर स्थित शासकीय अस्पताल में शनिवार को युवाओं के द्वारा विधायक विजय चौरे के जन्म दिवस के अवसर पर मरीजों को फल वितरण किया गया,इस दौरान युवा अनु.जाति अध्यक्ष गुलशन गजभिए द्वारा सभी मरीजों को फल वितरण करते हुए उनके स्वस्थ जीवन के लिए ईश्वर से मंगल कामनाएं की।इस अवसर पर सुनील भांगे,प्रशांत महाले, गुलशन गजभिए मनीष बागड़े,यतार्थ चटप,अनुभव रुंधे आदि थे।

## खैरी में सूर्यवंशी लोणारे कुनबी समाज की हुई बैठक



**सौंसर।** अखिल भारतीय सूर्यवंशी लोणारे कुनबी समाज संगठन मध्यप्रदेश द्वारा गांव गांव मे समाज का गठन किया जा रहा है।ग्राम खैरी मे बैठक का आयोजन जीवन खंडाईत की अध्यक्षता मे तथा वामनराव भक्ते, निलेश भक्ते, सीताराम भक्ते, नामदेव रुँधे, रंजीत खंडाईत, शत्रुघन शेंडे, योगेश्वर खंडाईत,,शंकरभाऊ धुंडे, धनराज नरांजे, राजू खंडाईत, संदीप भक्ते,मुकुल खंडाईत,की प्रमुख उपस्थिति मे किया गया।इस बैठक मे समाज को एक सूत्र में बंधने संगठन का प्रचार प्रसार करने और समाज से कुरीतियों को समाप्त करने आदि पर चर्चा की गई। इस दौरान महाभारत सांडेल, खुशरंग भक्ते, ज्ञानेश्वर पेजे, विकास पेजे, श्रीरंग खंडाईत, राहुल भक्ते, नीलेश भक्ते, रंजीत खंडाईत,मीराबाई भक्ते,गणेश गौतम आदि थे।

## बाल हनुमान मंदिर में किया वृक्षारोपण

**सौंसर।** रविवार को बेलगांव स्थित पावन बाल हनुमान मंदिर में रेमंड बोरगावं कर्मचारियो ने पूजा अर्चना की,इस दौरान पूर्व विधायक रामराव महाले की प्रमुख उपस्थित मंदिर परिसर में माँ के नाम हम सभी ने सामूहिक रूप से एक पवित्र बरगद का पेड़ रोपित किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक रामराव महालेने कहा कि वृक्षारोपण का यह संकल्प आने वाली पीढ़ियों को हरियाली , आस्था और जीवन का संदेश देता रहेगा । इस पावन अवसर पर अरविद डहाके राजेश गुरव , अरविंद डाहाके , शंकर नींबूरकर , वासुदेव देशमुख मिथिलेश सिंह , धर्मेन्द्र डाहाट , किसन ठाकरे , मंसारम खंडाईत , शंकर नींबूरकार , टीकाराम डोंगरे , बेनीप्रसाद ढोहरे , मारोति वानखेड़े , जागेश्वर सोमकुवर , दिनेश गोड्डे आदि थे।

## बाल मेले में बने स्वादिष्ट व्यंजन



**पांढुर्ना।** गत दिवस ग्राम तिगावं की ब्राइट स्कूल में पंडित जवाहरलाल नेहरू जयंती के मौके पर भव्य बाल मेला उत्सव संपन्न हुआ। समारोह के शुभारंभ में फीता काटकर बाल मेले का शुभारंभ किया गया। बाल मेले में बच्चों ने अनेक प्रकार के व्यंजन बनाकर लाए। नर्सरी से कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों ने 93 से अधिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए थे। अभिभावकों ने भी बडी संख्या में व्यंजनों को खरीदकर उसका स्वाद लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में व्यावसायिक दृष्टिकोण का विकास करना था। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड कार्यालय से बीआरसी मोरेश्वर ब्रम्हे, सीएसी नरेंद्र बांबल, जनशिक्षक सुरेश अंबुलकर, ब्रहाइट एजुकेशन सोसयटी अध्यक्ष भाउराव वानोडे, उपाध्यक्ष रमाबाई वानोडे, व्यवस्थापक डॉ. शेख अमीमुल्ला, सचिव आनंद शेंडे, वरिष्ठ सदस्य गजानन हुरडे, प्राचार्य अनील कुमार वानोडे, प्रधान पाठक राम साबले, नदीम सर और अनेक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

# सही मापदंडों पर नहीं बन रही सड़क

## 6 की बजाय कहीं 2 , कहीं 4 इंच का डल रहा टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पंचायत न्यूटन के वार्ड 11 में पुलिस चौकी के पीछे निर्माणाधीन सड़क सही मापदंडो पर नहीं बन रही है । सड़क की कुल ऊंचाई यानी की टॉप 6 इंच निर्धारित है , बजाए इसके कहीं 2 तो कहीं 4 इंच का टॉप डाल रहा है । जिसको लेकर एक जनप्रतिनिधि ने इंजीनियर सहित कई अधिकारियों से शिकायत की है ।सड़क निर्माण हो या और कोई निर्माण कार्य जो शासकीय तौर पर कराया जाता है , उसमें ठेकेदार लीपापोती ना करें ऐसा हो ही नहीं सकता । इसका एक और उदाहरण नगर पंचायत न्यूटन में पुलिस चौकी के पीछे 13 नंबर की ओर जाने वाली सड़क निर्माण में देखा गया है । सड़क अपनी पूरी लंबाई के दौरान एक जैसे मापदंड में नहीं बनाई गई है । पूर्व में बनी सड़क को ही बेस बनाकर उसके ऊपर 6 इंची का टॉप डाला जा रहा है । इसमें भी ठेकेदार अपनी कलाकारी दिखाने में पीछे नहीं है । यह बात जब वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद और भाजपा नेता जयंत राय को पता लगी तो वे रविवार को निर्माण स्थल पर पहुंच गए और उन्होंने ठेकेदार से बात की , तब ठेकेदार ने कहा , कि जब पंचायत का निर्माण सभापति और वार्ड के लोगों को कोई दिक्कत नहीं है तो तुम्हें क्या लेना देना है । इस मामले में जयंत राय ने कहा , कि सड़क कई वर्षों बाद बन रही है , यदि इसमें थोड़ी भी गुणवत्ता की कमी रहेगी तो इसका खामियाजा अगले कई सालों तक वार्ड वासियों को भुगतना पड़ेगा । ठेकेदार कहीं 2 इंच तो कहीं 4 इंच का टॉप डाल रहा है और मटेरियल के रूप में पैसा बचा रहा है , जबकि बिल का भुगतान पूरा - पूरा होगा और वे यह अब होने नहीं देंगे ।



इस मामले में इंजीनियर और अन्य अधिकारियों को गंभीर कदम उठाने चाहिए । बार - बार ठेकेदारों की गलतियों को नजर अंदाज कर उनके बिलों का भुगतान कर दिया जाता है , जिससे उनके हौसले बुलंद है । वह इस मामले की शिकायत ऊपर तक करेंगे । बता दें , कि जो ठेकेदार यह सड़क बन रहा है , उसके द्वारा वार्ड 5 में भी सड़क बनाई गई थी , जहां ठेकेदार के द्वारा सड़क पर तराई ठीक से नहीं की गई जिसके चलते अभी से सड़क खराब होने लगी है । गौरतलब है , कि वर्तमान में परासिया नगर पालिका में पदस्थ इंजीनियर राजेंद्र सोनी न्यूटन में प्रभार संभाले हुए हैं ।

## टेकाडीघाट मेले में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी ।

क्षेत्र के प्रसिद्ध गोस्वामी देवस्थान मेला उत्सव समिति टेकाडीघाट-सुकडीघाट के तत्वावधान में वार्षिक मेले के अवसर पर 15 नवम्बर को समिती के द्वारा अखिल भारतीय हास्य व्यंग कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । कवि सम्मेलन कार्यक्रम के अवसर पर प्रमुख आतिथ्य के रूप में खैरलांजी जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि गुनीराम बघेले , जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके मिरगपुर सरपंच दीपक देशमुख सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। सर्वप्रथम अतिथियों का सत्कार किया गया उसके बाद कवि सम्मेलन की शुरुआत की गई। इस दौरान राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में कवियो ने अपनी अपनी रचना व काव्य पाठ की शानदार प्रस्तुती दि गई । कवि संजय अश्क ने यह जानकारी देते बताया की प्रख्यात कवि और साहित्यकारो द्वारा कवि सम्मेलन में शिक्षाप्रद और हास्य के साथ सामाजिक संदेश की कविताएं प्रस्तुत की गई जिससे सुनकर त्रोतागण आनंदित हुए। इस दौरान समिती के पदाधिकारी सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व वरिष्ठ जन सम्मान समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

### सेन शक्ति महासंघठन सेन समाज लांजी के तत्वधान में हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सेन शक्ति महासंघठन एवं सेन नाई समाज लांजी जिला बालाघाट के तत्वधान में संतोष श्रीवास की ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीवास जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में वृहत सामाजिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। सेन शक्ति महासंघठन अपने कार्यों एवं विस्तार को लेकर सजग रहता है एवं समय समय पर समाज के हित में एवं स्वजातीय बंधुओं के हित में कार्यों को लेकर निरंतर कार्य करते चले आ रहे हैं। इसी क्रम में सेन नाई समाज लांजी द्वारा दिनांक 13 नवंबर 2025 दिन गुरुवार 12 बजे से कार्यकर्ता सम्मेलन एवं सेन नाई समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्रा के सम्मान का कार्यक्रम सिद्धेश्वर मंगल भवन लांजी में रखा गया था। बाहर से आए मुख्य अतिथियों का स्वागत धूम धाम से लांजी स्थित रेस्ट हाउस से ढोल नगाड़ों के साथ सिद्धेश्वर मंगल भवन लांजी में कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात श्री सेन जी महाराज की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया । मुख्य अतिथियों समेत स्थानीय अतिथियों का सम्मान किया गया। अतिथियों द्वारा बारी बारी समाज के कार्य एवं समाज के उत्थान पर अपने विचार पेश किए । समाज के रिटायर्ड पेंशनधारी बुजुर्गों का सम्मान अपने स्तर पर साल देकर किया गया। सामाजिक प्रतिभावान छात्र छात्राओं को विशेष अतिथियों द्वारा सम्मान शिल्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मध्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा संतोष श्रीवास को सेन शक्ति महासंघठन की बागडोर सौंपते हुए नियुक्ति पत्र द्वारा जबलपुर संभाग अध्यक्ष नियुक्त किया तथा जिसके पश्चात सामाजिक बंधुओं द्वारा उन्हें बधाई प्रेषित की गई। समस्त कार्यकर्ताओं ने घोषणा का समर्थन किया। सेन शक्ति महा संगठन ने समाज के हित के लिए अपने कार्यों का विवरण समाज के बंधुओं के सामने रखा एवं समाज के कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहने का वचन भी दिया। कार्यक्रम के समापन में भोज के साथ कार्यक्रम को अंतिम पड़ाव पर पहुंचाया गया एवं समाज के लिए नई पहल की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप मे अनिल सेन राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजेश्वर सेन जी प्रदेश अध्यक्ष सेन शक्ति महासंघटन, दर्शन सेन कार्यकारणी प्रदेश अध्यक्ष सेन शक्ति महासंघटन, डॉक्टर भुनेश्वर भारद्वाज जिला संरक्षक सेन समाज बालाघाट के मुख्यातिथि में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में जिला सेन समाज एवं सेन समाज लांजी से जिला अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीवास, डॉ भुनेश भारद्वाज, श्री श्रवण श्रीवास, मदनलन चावके, राजन भारद्वाज, राकेश श्रीवास, पीताम्बर उर्कुडे, भजनलाल सराठे, यशवंतराव लक्षणे, डॉ शिवानकर, भजनलाल सराठे,मनोज पारधी, आत्मा राम चन्ने जिला उपाध्यक्ष, संतोष श्रीवास अध्यक्ष सेन नाई समाज लांजी एवं समस्त जिला पदाधिकारी एवं ब्लॉक कार्यकारणी लांजी की उपस्थिति में कार्यक्रम किया गया।




## डॉ गौर सागर विश्वविद्यालय के बालाघाट जिले के पूर्व छात्रों का मिलन समारोह 26 को

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

सर डॉ हरीसिंग गौर की जन्म जयंती पर देश और विदेशों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी तर्ज पर वर्ष 2025 से देश के विभिन्न हिस्सों व शहरों में डॉ. गौर की जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित हो रहे है।

इसी कड़ी में बालाघाट जिले में डॉक्टर हरी सिंह गौर की जन्म जयंती का कार्यक्रम प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय महाविद्यालय बालाघाट में 26 नवम्बर 2025 को आयोजित किया जावेगा। विदित हो कि वर्ष 1946 से 1996 तक बालाघाट जिले के समस्त महाविद्यालय डॉक्टर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के अंतर्गत हुआ करते थे।



इस कार्यक्रम में सागर विश्वविद्यालय के सभी पूर्व छात्र, जो बालाघाट जिले में निवारत है, वह सभी डॉ गौर के जन्म जयंती कार्यक्रम में शामिल होगे। इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ सतीश चिले, अशोक सिंहासने, वीनू राणा सर, डॉ दीपक नामदेव, आनंद वर्मा, अशोक मरावी, अरुण जैन और समस्त पूर्व छात्रों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने सागर विश्वविद्यालय के बालाघाट जिले के पूर्व विद्यार्थियों से अनुरोध किया हैं कि वह इस कार्यक्रम में शामिल होकर उसकी शोभा बढ़ाये।

## कटंगी और नंदोरा में आयोजित हुए कार्यक्रम : जन जातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई बिरसा मुंडा जयंती

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** धरती आबा जन नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रुप में समूचे देश में मनाया गया। शनिवार 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती को बेहद उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर विकासखंड कटंगी में अलग-अलग स्थानों पर विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम नंदोरा में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के नेतृत्व में जयंती समारोह का आयोजन हुआ। जयंती समारोह में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केसर बिसेन, ग्राहक पंचायत के संभागीय संगठन मंत्री ब्रजेश जैन, जिलाध्यक्ष आशुतोष बिसेन, तहसील अध्यक्ष तिरोड़ी योगेश राहंगडाले, आदिवासी समाज अध्यक्ष नंदोरा दिनेश परते, सरपंच, उपसरपंच और आदिवासी समाज के वरिष्ठजन मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत में सबसे पहले सभी अतिथियों और ग्रामीणों ने सतरंगी गोड़वाना ध्वज फहराया। जिसके बाद बिरसा मुंडा के छायाचित्र का गोंडी रीति-रिवाज से पूजा अर्चना की। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद ने परंपरा अनुसार कटंगी शहर के पाथरवाड़ा रोड़ स्थिति भगवान बिरसा मुंडा और वीरागंना रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थल पर जयंती समारोह मनाया।



नंदोरा में आयोजित जयंती समारोह में ग्रामीणों और आदिवासी समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष आशुतोष बिसेन ने कहा कि भारत के जनजातीय नेताओं ने दमनकारी ब्रिटिश शासन और सामंती व्यवस्था का विरोध करने में अहम भूमिका निभाई है। इनमें से कई विद्रोह, बगावत और आंदोलनों को मुख्यधारा के भारतीय इतिहास में कम प्रतिनिधित्व मिला है, हालाँकि इन आंदोलनों ने आज के भारत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज आदिवासी समाज के लोग पूछते है कि भगवान बिरसा मुंडा के पास तो तीर-कमान था जिससे वह दमनकारी शक्तियों से लड़े हमारे पास क्या है तो समाज के लोगों को यह बात ध्यान रखना चाहिए कि हमारे पास बाबा साहब अंबेडकर द्वारा बनाया गया संविधान है और इसी संविधान की ताकत से हमें दमनकारी लोगों से लड़ना है।

जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन ने कहा कि आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान चलाया ताकि आदिवासी समाज की संस्कृति बची रहे और धर्मांतरण पर रोक लगे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने धार्मिक और सामाजिक आधार पर आदिवासियों के बीच फूट डालने के लिए धर्मांतरण को एक माध्यम बनाया था। इसके साथ ही ईसाई मिशनरियों ने शिक्षा और सहायता के बहाने धर्मांतरण को बढ़ावा दिया। इस प्रक्रिया में आदिवासी अपने पारंपरिक धर्म और संस्कृति से कटे, सामाजिक और आर्थिक रूप से शोषित हुए और उन्हें अपनी भूमि से विस्थापित भी होना पडा।

### लोकतंत्र में जनता के पास चुनने का तो हटाने का भी हैं अधिकार-विवेक पटेल

## भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा का हुआ अनावरण, सभामंच की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

लोकतंत्र में जनता के पास ऐसा अधिकार हैं कि वह जिसे चुन सकती हैं, उसे हटा भी सकती हैं। इसलिये लोकतंत्र में आप अपने को कभी कमजोर मत समझना। अगर आपसे किसी ने कोई चुनावी वादा किया हैं, तो उन्हें उस वादे को याद दिलाये और उसे पूरा करने के लिये कहे। अपने हक व अधिकार मांगने में कभी पीछे मत हटिये। अगर वह आपकी बात को तवज्जो नहीं दे रहे और अपने वादे को पूरा नहीं कर रहे हैं, तो फिर आने वाला पांचवा साल आपके पास आयेगा। जिसमें आप उन्हें सबक सिखा सकते हैं।

इस आशय के उद्गार विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्राम जागपुर में बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण और 4 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सभा मंच के भूमिपूजन समारोह के दौरान व्यक्त किए।



ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जनपद सदस्य जितेन्द्र सिंह जीतू राजपूत ने कहा कि पहले के लोग सिर्फ झूठे वादे करते थे, मगर वर्तमान विधायक विवेक विक्की पटेल जी, जनता से जो वादे करते हैं, उससे अधिक उस ग्राम में विकास की सौगात देते हैं। अपनी बहनों को धोखा देना है, तो भाजपा से सीखो। चुनाव के समय वोट के लिए अपनी बहनों से ही झूठे वादे कर दिए, अब वादा पूरे करने में पसीने छूट रहे हैं। हमारी बहनों ने उनसे 3 हजार प्रति माह नहीं मांगा था, हमारे किसानों ने 3100 सौ प्रति क्विंटल में धान खरीदने नहीं बोला था। भाजपा वालों को पता था कि सरकार नहीं बनेगी, इसलिए इन्होंने झूठे वादे करके जनता को गुमराह करके सरकार बनाई है। अब आने वाले समय में जनता इनको जरूर सबक सिखाएगी।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि मै जनसेवक हूँ और जनता की सेवा करना मेरा प्रमुख लक्ष्य हैं। मै आपके भरोसे ही इस मुकाम पर पहुंचा हूँ, इसलिये आपका हमेशा सम्मान करता हूँ। जहां तक विकास की बात हैं, तो निश्चित ही इसके लिये हम लगातार प्रयास कर रहे और कार्य भी कर रहे हैं। आपके द्वारा दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन किया जा रहा हैं। आदिवासी समाज की मांग पर हमारे द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा के अनावरण के साथ ही सभा मंच की सौगात दी गई है, निश्चित ही इन कार्यो से आपके यहां पर आवश्यक सुविधा होगी।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा कर्मियों की सेवा अवधि 1998 से होगी मान्य -उच्च न्यायालय

**घंसौर** / शिक्षाकर्मियों के लिए जबलपुर उच्च न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला बड़ी राहत लेकर आया है। न्यायालय ने शिक्षाकर्मियों की सेवा अवधि को प्रारंभिक नियुक्ति तिथि 1998 से ही मान्य करने का महत्वपूर्ण निर्णय दिया है, जिससे आर्थिक लाभ का रास्ता भी साफ हो गया है। यह फैसला डब्ल्यू.पी. क्रमांक 26857/2025 संजय कुमार श्रीवास्तव, आलोक गुप्ता एवं अन्य बनाम मध्यप्रदेश राज्य में 11 नवंबर 2025 को न्यायाधीश मनिंदर एस. भट्टी द्वारा पारित किया गया। शासकीय शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष आलोक गुप्ता तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि न्यायालय ने शिक्षाकर्मियों को 1 जनवरी 2006 से छठा वेतनमान 6' ब्याज सहित प्रदान करने का निर्देश दिया है। याचिका में यह स्पष्ट किया गया कि यद्यपि 2010 में प्रथम क्रमोन्नति देते समय सेवा अवधि प्रारंभिक नियुक्ति से ही मानी गई थी, लेकिन छठे वेतनमान के निर्धारण में इस निरंतर सेवा को नजरअंदाज कर दिया गया था। 2018 में लागू ।'मध्यादेश स्कूल शिक्षा सेवा (शिक्षण संवर्ग) नियमा' के अनुसार अध्यापक संवर्ग पूर्णतः स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत सरकारी कर्मचारी माने गए हैं, और उन पर सभी सरकारी सेवा शर्तें लागू होती हैं।न्यायालय ने 29.12.2017 के विवादित परिपत्र को निरस्त करते हुए याचिकाकर्ताओं को सरकारी कर्मचारियों के समान लाभ देने तथा आदेश की प्रति 15 दिन में प्रस्तुत कर 90 दिनों की अवधि में अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। फैसले के बाद शिक्षाकर्मी संवर्ग में हर्ष की लहर है शिक्षाकर्मी संघ ने निर्णय पर खुशी जताई है।

# सूने मकान से सोने-चांदी के जेवरात, नकदी ले उड़े चोर

**सिवनी जिले के छपारा थाना क्षेत्र में एक सूने मकान से लाखों रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और अन्य घरेलू सामान चुरा लिए। सूचना मिलने पर छपारा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जानकारी के अनुसार, चंदेनी गांव निवासी राजकुमार भारद्वाज अपनी पत्नी के साथ आदेगांव के पास सुहागपुर स्थित अपने गांव खेती-बाड़ी के काम से गए हुए थे। उनका मकान सूना था और उस पर ताला लगा हुआ था। सुबह पड़ोसियों ने देखा कि उनके मकान के गेट का ताला टूटा हुआ है, जिसके बाद उन्होंने राजकुमार को सूचना दी। घर लौटने पर राजकुमार ने देखा कि उनके मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था। पलंग पर रखा एक गद्दा और चादर भी गायब थे। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर घर में रखे करीब 2 लाख 50 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और लगभग 45 हजार रुपए नकद चुरा ले गए थे।टीआई बोले- घर पर ताला लगाकर बाहर जाएं तो सूचित करें राजकुमार भारद्वाज ने तत्काल छपारा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। छपारा थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार ने बताया कि सूने मकान में चोरी की घटना की सूचना मिली थी और फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अज्ञात चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की है कि यदि वे अपने मकान में ताला लगाकर कहीं बाहर जाते हैं और उसमें कोई कीमती जेवर या नकदी रखी है, तो उसे किसी विश्वसनीय व्यक्ति के पास रखवा दें या अपने साथ ले जाएं। ऐसा करने से सूने मकानों की रेकी करने वाले चोर उन्हें निशाना नहीं बना पाएंगे और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

# पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को ब्लैक पैंथर दिखा



**सिवनी।** जिले के पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को ब्लैक पैंथर दिखा। शनिवार को सफारी के दौरान यह पैंथर जंगल में नजर आया, जिसे देखकर पर्यटक उत्साहित हो गए और उन्होंने इस पल को अपने कैमरे में कैद कर लिया। इस घटना का वीडियो रविवार को सामने आया है। ब्लैक पैंथर अचानक सफारी वाहन के पास से जंगल के अंदर जाते हुए देखा गया। इसके बाद वह झाड़ियों के बीच भी नजर आया। यह दुर्लभ नजारा पेंच टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में देखा गया।

ब्लैक पैंथर का दिखना काफी दुर्लभ माना जाता है, क्योंकि यह बहुत कम लोगों को दिखाई देता है। इसे प्रसिद्ध कहानी द जंगल बुक' के मुख्य किरदार मोगली के दोस्तों में से एक के रूप में भी जाना जाता है।पेंच नेशनल पार्क बाघ, तेंदुआ, भेड़िया और जंगली बिल्ली जैसे शिकारी जानवरों का निवास स्थान है। इसके अतिरिक्त, यहां चीतल, सांभर, गौर, जंगली सूअर, नीलगाय और चार सींगों वाला मृग जैसे कई शाकाहारी जानवर भी पाए जाते हैं। पार्क में मोर सहित पक्षियों की 200 से अधिक प्रजातियां मौजूद हैं। देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक पेंच राष्ट्रीय उद्यान आते हैं, जहां उन्हें बाघ सहित विभिन्न वन्यप्राणियों को देखने का अवसर मिलता है।

# कोतवाली पुलिस के हत्थे चढे मवेशी तस्कर

सिवनी में पुलिस ने मवेशी तस्करी करते बाईपास के पास एक ट्रक से 36 मवेशी जब्त किए गए और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक में मवेशियों की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और सीएसपी श्रद्धा सोनकर के मार्गदर्शन में एक टीम गठित की गई। पुलिस को आता देख ट्रक चालक वाहन लेकर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे रोक लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान सादान खान (18, निवासी कैदीपुरा मोहल्ला, थाना बागपत, जिला बागपत), रईस (40, निवासी ग्राम भानपुर, जिला मेरठ) और वाहन चालक सतीश सुड़ाने (38, निवासी काकडोली चरकी दादरी, जिला चरकी दादरी) के रूप में बताई।डाला खोलने पर उसमें 36 मवेशी भरे पाए गए ट्रक का डाला खोलने पर उसमें 36 मवेशी भरे पाए गए। इन मवेशियों को जब्त कर गौशाला भेजा गया। बताया गया कि इन्हें नागपुर ले जाया जा रहा था। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस को उम्मीद है कि आगे की पूछताछ में इस तस्करी गिरोह से जुड़े और भी खुलासे हो सकते हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# सिवनी रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार हेतु परामर्शदाता समिति ने डीआरएम नागपुर को सौंपा सुझाव पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**सिवनी रेलवे स्टेशन की यात्री सुविधाओं के उन्नयन, सुरक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और नई सेवाओं की मांग को लेकर आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में रेलवे स्टेशन परामर्शदाता समिति, जिला सिवनी द्वारा विस्तृत सुझाव पत्र प्रस्तुत किया गया।**



बैठक में रेलवे अधिकारी सुजीत कुमार (छिंदवाड़ा), स्टेशन मास्टर दिनेश प्रसाद, तथा समिति सदस्य आलोक दुबे, राजेश त्रिवेदी, रमेश तिवारी, राजेश (राजू) यादव, एवं तरुण मुनिया टांक उपस्थित रहे।

परामर्शदाता समिति ने बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण माँगें उठाईं यात्री सुविधा एवं सेवा विस्तार, आरक्षण खिडक़ी के समय में वृद्धि।, स्टेशन पर कैन्टीन/फूड स्टॉल प्रारंभ किए जाएँ।, स्टेशन परिसर में ्रञ्जरू मशीन हेतु निविदा प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। प्लेटफॉर्म व परिसर में नियमित साफ-सफाई की प्रभावी व्यवस्था। यात्रियों के बैठने हेतु पर्याप्त बेंच/कुर्सियों की उपलब्धता। स्टेशन के बाहर ऑटो-रिक्शा स्टैंड का निर्माण।

स्टेशन परिसर एवं प्लेटफॉर्म पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएँ। यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीआरपी थाना/चौकी की स्थापना आवश्यक रूप से की जाए।

### ट्रेन विस्तार एवं स्टॉपेज

बैतूल-सिवनी ट्रेन नंबर 58830) को नैनपुर तक बढ़ाया जाए। विस्तारित रूट में भोमा, पलारी और केवलारी स्टेशनों पर स्टॉपेज शामिल किए जाएँ।

पातालकोट एक्सप्रेस और पेचवेली एक्सप्रेस में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कोच बढ़ाए जाएँ।

### सुविधा एवं पहुंच व्यवस्था

मठ-मंदिर ग्राउंड की ओर से पैदल यात्रियों के लिए रिवॉल्विंग गेट की व्यवस्था की जाए। पार्किंग व्यवस्था में सुधार किया जाए एवं शुल्क की वसूली निर्धारित मानकों के अनुसार हो।

### शासकीय निर्माण अनुमतियाँ

नगर विकास एवं निर्माण संबंधी शासकीय अनुमतियों का निराकरण अधिकतम 15 दिनों के भीतर किया जाए। समिति सदस्यों ने कहा कि ये सभी माँगें यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा, ट्रेन संचालन और स्टेशन विकास से सीधे जुड़ी हैं। हमें विश्वास है कि रेलवे प्रशासन शीघ्र ही इन बिंदुओं पर सकारात्मक कदम उठाएगा

# कुरई भूमि पूजन और सीएम कार्यक्रम में प्रोटोकॉल गड़बड़ी पर चर्चा

**सिवनी/कुरई : जिले में दो दिनों के भीतर हुए प्रोटोकॉल विवादों ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सिवनी दौरे में आदिवासी विधायक कमल मर्सकोले और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते को मंचीय सम्मान तथा भाषण सूची से दूर रखने का मामला सामने आया है।**





विधायक मर्सकोले ने कहा कि उनका नाम प्रशासनिक सूची में था, फिर भी घोषणा नहीं की गई। उधर, कुरई विकासखंड में शासकीय महाविद्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती मुकेश डेहरिया और ग्राम की महिला सरपंच को मंच पर स्थान न मिलने पर भी नाराजगी व्यक्त की गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इसे गंभीर चूक बताते हुए स्पष्टीकरण की मांग उठाई है। इन दोनों घटनाओं ने संगठन और प्रशासन के बीच समन्वय पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रोटोकॉल में हुई चूकें पार्टी की छवि को प्रभावित करती हैं। अब सभी की नजर जिला संगठन और प्रशासन की आगे की कार्यवाही पर है।

## जिला बॉक्सिंग संघ सिवनी की नवीन कार्यकारिणी का गठन

# अध्यक्ष बने राजेश त्रिवेदी, सचिव बने सोहन लाल सेन



**सिवनी।** मध्य प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन (खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश, मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ तथा बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त) के नेतृत्व में जिला बॉक्सिंग संघ सिवनी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में मध्यप्रदेश बॉक्सिंग संघ से वीरेंद्र सिंह ठाकुर, टेक्निकल डायरेक्टर एवं अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग जज, तथा आर्मी से रिटायर्ड बॉक्सिंग कोच श्री अजय कुमार कश्यप की विशेष उपस्थिति व ऑब्जर्वेशन रहा। प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित कार्यकारिणी को मध्य प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन ने औपचारिक मंजूरी प्रदान की।

उल्लेखनीय है कि जिला बॉक्सिंग संघ गत 10 वर्षों से लगातार मध्य प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग संघ से मान्यता प्राप्त है तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर की अधिकृत स्पर्धाओं में नियमित रूप से प्रतिभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करता आ रहा है। सिवनी जिले के खिलाड़ियों ने अनेक राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित कर जिले का गौरव बढ़ाया है। नवगठित जिला कार्यकारिणी इस प्रकार,संरक्षक,श्री शंकर लाल सोनी, सी.एल. श्रीवास (राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त),अध्यक्ष श्री राजेश त्रिवेदी,उपाध्यक्ष संतोष चौरसिया, रवीन्द्र अग्रवाल, अंकित मिश्रा, प्रदीप वर्मा, करण आसवानी, अभिषेक दुबे, हर्ष अग्रवाल, सचिव सोहन लाल सेन,सह सचिव शीतल नामदेव,कोषाध्यक्ष संदीप नेमा, सह कोषाध्यक्ष नरेश नामदेव,मीडिया प्रभारी,काबिज़ खान (इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया),राकेश मालवीय (प्रिंट मीडिया) मुख्य कार्यकारी सदस्य मनीष तुमन्ने, प्रतीक कौशिक, श्रीमती दिलेश्वरी कटरे, संतोष नामदेव, आशुतोष साहू, श्रीमती रूपाली सेन, अजय कुमार भोर, पवन चौरसिया, सुश्री प्रिया बघेल, प्रकाश कुशवाह, अनुराग ऊईके, दक्ष चंद्रवंशी नवनियुक्त पदाधिकारियों को मध्य प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन अध्यक्ष संजय सेठ, सचिव दिग्विजय सिंह (सचिव, मध्यप्रदेश ओलिंपिक संघ), खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस, तथा जिले के सभी खेलप्रेमी संगठनों एवं सदस्यों ने हार्दिक शुभकामनाएँ व बधाई प्रेषित की हैं।

## डा अग्निहोत्री अध्यक्ष एवं डॉक्टर औगारे सचिव बने

सिवनी। 15 नवंबर 2025 को आई एम ए सिवनी की साधारण सभा की बैठक हुई। जिसमें एक बार पुनः डॉक्टर दीपक अग्निहोत्री को निर्विरोध अध्यक्ष एवं डॉ महेंद्र ओगारे को सचिव बनाया गया। कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई, जिसमें कोषाध्यक्ष डॉक्टर लोकेश बिसेन, संरक्षक के रूप में डॉ डी एस सेंगर, डॉ वी के सरीन और डॉक्टर सुनंदा चौधरी बनाया गया । उपाध्यक्ष के पद पर डॉक्टर आर के श्रीवास्तव, डॉक्टर के सी मेश्राम, डॉक्टर ए के दिवाकर, डॉक्टर वी के नावकर बनाए गए । मीडिया प्रभारी डॉक्टर जयज काकोड़िया, इवेंट ऑर्गेनाइजर डॉक्टर लोकेश चौहान सहसचिव के पद पर डॉ मुकेश अहिरवार डॉक्टर कमलेश झरिया, डॉक्टर संदीप सनोडिया, डॉक्टर जागृति बिसेन, डॉक्टर प्रिया सिंह, डॉक्टर समरीन अंसारी बनाएं गए। एग्जीक्यूटिव बॉडी के मेंबर में डॉक्टर डॉक्टर ए के तिवारी, डॉक्टर सुनील अग्रवाल, डॉक्टर पी सूर्या, डॉक्टर टी आर बांद्रे ,डॉक्टर अभिषेक रायकवार, डॉक्टर एस के सिरोठिया, डॉक्टर टी एस इनवाती एवं डॉक्टर प्रसून श्रीवास्तव को बनाया गया।

# जिला पंचायत सदस्या श्री मति दुलारी बाई कुमरे ने 1.5 लाख की कबड्डी नेट देकर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

**केवलारी-** ग्राम पंचायत रायखेडा के ग्राम थांवरी मे प्रतिबर्ष कार्तिक मास द्वादशी तिथि से चर्तुदशी तक लगने बाली मंडई के सु अवसर पर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है ।दिनांक 16 नवम्बर को कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ अवसर पर 1 50 लाख रुपये कीमत की कबड्डी नेट देकर शुभारंभ किया ।

जिला पंचायत सदस्य श्री मति दुलारी बाई कुमरे के मुख्य आतिथ्य, -श्री मति किरन सिंह राजपूत सरपंच रायखेडा की अध्यक्षता, रमाशंकर महोबिया सदस्य बाल संरक्षण समिति, राजेंद्र सिंह राजपूत मंडलम अध्यक्ष अहरबाडा, गंगा प्रसाद साहू सेक्टर अध्यक्ष झोला,संजीव अवधिया मंडी निरीक्षक कृषि उपज मंडी के विशिष्ट आतिथ्य में कबड्डी Anil प्रद्दत कर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया गया ।सर्वविदित है पिछले बर्ष आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में -श्री मति दुलारी बाई कुमरे मुख्य अतिथि के रुप मे मंच पर उपास्तिथ थी ,गांव बासियो की मांग ओर खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला पंचायत सदस्या श्री मति दुलारी बाई ने कबड्डी नेट देने की घोषणा की थी।इसी घोषणा को अपने स्वयं की राशि से 1 5 0 लाख की नेट इंदौर मध्यप्रदेश से क्रय कर प्रदान किया है। जिला पंचायत सदस्य के द्वारा किये गये अपने वादे की पुर्ति किये जाने से प्रतियोगिता स्थल पर उपास्तिथ ग्राम बासियो ने दुलारी बाई कुमरे का आभार व्यक्त किया। उदघाटन अवसर पर उद्बोधन मे रमाशंकर महोबिया पत्रकार ने कहा कि थांवरी ग्राम मे मंडई के अवसर पर होने बाली कबड्डी प्रतियोगिता की परम्परा क्षेत्रीय युवाओं को शारिरिक मजबूती, मानसिक स्वस्थ्यता के साथ प्रतिभाओ को निखारने की काम करती है।इस अवसर पर सरपंच पति रामराज सिंह राजपूत, हरद्वारी सिंह भलावी शिक्षक, सुदामा सिंह राजपूत, तुरुप सिंह साहू, बाला सिंह साहू,मुन्नू साहू पुर्व सरपंच, ब्रज लाल साहू सहित अन्य लोगों की गरिमामयी

## नरवाई प्रबंधन में हैप्पी/सुपर सीडर मशीन एक कारगर उपाय

# कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के वैज्ञानिकों द्वारा ग्राम डूंगरिया के कृषकों के प्रक्षेत्र पर हैप्पी/सुपर सीडर मशीन द्वारा प्रदर्शन एवं जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉक्टर शेखर सिंह बघेल ने बताया कि फसलो की कटाई के उपरांत फसल अवशेष के प्रबंधन एवं उसका समुचित उपयोग कैसे करें, साथ ही पराली या नरवाई का बेहतर प्रबंध कर मिट्टी के स्वास्थ्य, वातावरण में प्रदूषण जैवविविधता को संवारने एवं खेती में लागत कम करने की दिशा में गेहूं की बुवाई हेतु हैप्पी/सुपर सीडर मशीन का किसान के खेत में प्रदर्शन किया गया, साथ ही हैप्पी/सुपर सीडर मशीन के उपयोग के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।**

कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि इंजीनियर कुमार सोनी द्वाराकिसानों को नरवाई प्रबंधन के विषय में सतत प्रशिक्षण प्रक्षेत्र में जागरूकता अभियान एवं जानकारी प्रदान की जा रही है ग्राम डूंगरिया की कृषक के प्रक्षेत्र पर कंबाइन हार्वेस्टर के माध्यम से धान की कटाई उपरांत बचे हुए फसल अवशेषों का एकत्र कर पशु आहार हेतु संग्रहित करके रखना, साथ ही पराली को आग लगाने के दुष्परिणामों से बचाने हेतु कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के किसनों हेतु लगातार फसल अवशेष प्रबंधन की नवीनतम यंत्रों की उपलब्धता कराई जा रही है इसी के अंतर्गत हैप्पी/सुपर सीडर मशीन द्वारा तुरंत बुवाई की जा रही है ताकि खेत की नमी का स्वास्थ्य का एवं खेत की तैयारी में लगने वाली अतिरिक्त लागत का कैसे बचत की जा सकती है इसका बेहतर एवं कारगर विकल्प हैप्पी/सुपर सीडर मशीन जिसके द्वारा बुवाई कर किसान अपनी लागत कम करने के साथ-साथ बेहतर फसल उत्पादन कर लाभ प्राप्त कर सकता है।

हैप्पी/सुपर सीडर मशीन का उपयोग मुख्य रूप से अगली फसल (जैसे गेहूं) की बुवाई के लिए किया जाता है, जिसमें पिछली फसल (जैसे धान) के अवशेषों (पराली) को खेत से हटाए या जलाए बिना सीधी बुवाई की जाती है। यह मशीन एक साथ दो काम करती हैः यह पराली को काटकर खेत में मल्च के रूप में बिखेर देती है और उसी समय बीजों की बुवाई कर देती है। इससे पराली जलाने की समस्या कम होती है, पानी की बचत होती है, खरपतवार कम होते हैं और मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है।

### हैप्पी/सुपर सीडर मशीन का उपयोग

सीधी बुवाईः यह मशीन कंबाइन हार्वेस्टर से कटाई के बाद बचे हुए भूसे या पराली को हटाए बिना सीधे खेत में गेहूं या अन्य रबी फसलों की बुवाई करती है। मल्चिंगः यह पराली को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी की सतह पर बिछा देती है, जिससे मल्च बन जाती है। **जीरो टिलेजः** इस प्रक्रिया को शून्य जुताई भी कहते हैं, क्योंकि इसमें खेत की जुताई नहीं करनी पड़ती है।

### हैप्पी/सुपर सीडर के लाभ

समय और लागत की बचतः यह एक ही बार में दो काम करती है, जिससे जुताई और बुवाई में लगने वाला समय और खर्च बचता है।मिट्टी की नमी संरक्षणः पराली की परत मिट्टी की नमी को बनाए रखने में मदद करती है, जिससे सिंचाई की आवश्यकता कम हो जाती है।मिट्टी की उर्वरता में वृद्धिः पराली धीरे-धीरे विघटित होकर मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ जोड़ती है, जिससे उसकी उर्वरता बढ़ती है।पर्यावरण संरक्षणः पराली जलाने से रोका जा सकता है, जिससे वायु प्रदूषण कम होता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन घटता है।

# घंसौर क्षेत्र के विकास को गति देने जनप्रतिनिधियों की पहल तेज, डीआरएम नागपुर से की भेंट

**घंसौर/** क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति देने के उद्देश्य से घंसौर के जनप्रतिनिधियों ने हाल ही में नैनपुर पहुँचकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के डीआरएम श्री दीपक गुप्ता से मुलाकात की। इस मुलाकात को घंसौर के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें रेल सुविधाओं के विस्तार से लेकर नगर की आधारभूत व्यवस्था तक कई अहम विषयों पर चर्चा की गई।



प्रतिनिधिमंडल ने डीआरएम के समक्ष घंसौर में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की दीर्घकालिक मांग को जोरदार तरीके से रखा। उन्होंने बताया कि घंसौर से होकर अनेक महत्वपूर्ण ट्रेनें गुजरती हैं, लेकिन स्टॉपेज न होने से व्यापारियनागरिकों, का सामना करना पड़ता है। यदि घंसौर में प्रमुख ट्रेनों का ठहराव स्वीकृत हो जाता है, तो यह न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार, शिक्षा, रोजगार व पर्यटन को भी गति देगा। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि रेलवे स्टॉपेज से घंसौर का विकास ग्राफ तेजी से ऊपर जाएगा।

मुलाकात के दौरान स्टेशन परिसर की मौजूदा समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने पुल और पुलियों में वर्षों से बनी जलभराव की समस्या को दूर करने की आवश्यकता जताई, जिससे बरसात में यात्री व ग्रामीण दोनों ही परेशान होते हैं। इसके अतिरिक्त प्लेटफार्म क्रमांक 2 से प्रमुख सडक़ तक पहुँच मार्ग और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की कमी को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। उन्होंने डीआरएम से घंसौर स्टेशन पर एक और प्लेटफार्म तथा टिकट घर का निर्माण कराने का आग्रह किया, ताकि बढ़ते यात्री दबाव को संभाला जा सके और स्टेशन को विकसित रूप दिया जा सके। जनप्रतिनिधियों ने नगर विकास से जुड़े मुद्दों को भी मुखर रूप से उठाया।

उन्होंने शारदा मंदिर के पीछे से शासकीय अस्पताल की ओर जाने वाली सीसी सडक़ निर्माण कार्य को स्वीकृति दिए जाने के लिए डीआरएम को आम जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। यह सडक़ घंसौर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को सीधे अस्पताल मार्ग से जोड़ेगी और दैनिक आवागमन के साथसाथ आपातकालीन सेवाओं को भी बड़ी राहत देगी। इस महत्वपूर्ण चर्चा के दौरान चंद्रशेखर चतुर्वेदी, राजेश दुबे, सीमान्त तिवारी और शिवम शिवहरे उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने आशा व्यक्त की हैं कि महोदय द्वारा शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी औरघंसौरकोबेहतररेल सुविधाओं व सुदृढ़ सडक़ नेटवर्क की दिशा में बड़ी सौगातें मिलेंगी। मुलाकात के बाद स्थानीय नागरिकों में उम्मीद बढ़ी है कि जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से घंसौर जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त, बेहतर कनेक्टिविटी वाला और तेजी से विकसित होने वाला प्रमुख क्षेत्र बन सकेगा।

## लोगों से मिलकर योजनाओं की दी जानकारी - पारधी

# सांसद ने निकाली 12 किमी तिरंगा यात्रा





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र के परसवाड़ा विधानसभा में रविवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सांसद भारती पारधी ने चरेगांव-नेवरगांव से लामता तक लगभग 12 किलोमीटर पैदल चलकर लोगों से मुलाकात की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत-स्वर्णिम भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने के उद्देश्य से यह यात्रा आयोजित की गई थी। सांसदों को अपने संसदीय क्षेत्र में तीन तिरंगा यात्राएं निकालने के निर्देश दिए गए थे, जो सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती से शुरू हुई थीं।

यह यात्रा जनपद अध्यक्ष फूलचंद सहारे, सम्मलसिंह धुर्वे, रामेश्वर कटरे, विशाल मंगलानी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की भागीदारी के साथ शुरू हुई। इसमें आदिवासी नृत्य, डीजे-धमाल और देशभक्ति गीत शामिल थे। यात्रा का समापन लामता में हुआ।

सांसद भारती पारधी ने बताया कि यह संसदीय क्षेत्र में तिरंगा यात्रा का तीसरा और अंतिम चरण था। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से सरकार अंतिम छोर के व्यक्ति से मिलकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रही है और उनकी समस्याओं को समझ रही है।

## इज्तेमाई शादी में अब तक लगभग 300 जोड़ो का हो चुका है निक़ाह

# तु मुझे कबूल... मैं तुझे कबूल - 16 जोड़ो ने कहा निकाह कुबूल है

### मुफ़्ती ए महाराष्ट्र ने की शिरकत,एकता का दिया सन्देश





**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** हर साल की तरह इस साल भी जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी बालाघाट की ज़ानिब से इज्तेमाई शादी का इंतजाम किया गया।रविवार 16 नवंबर को अंजुमन शादी हॉल में आयोजित इस इज्तेमाई शादी में सोसायटी की जानिब से 16 मुस्लिम नवयुवक-युवती जोड़ों का निकाह इस्लामी रस्मो रिवाज के साथ तहत कराया गया।साथ ही निकाह कुबूल करने वाले तमाम मुस्लिम जोड़ों को सोसाइटी की ज़ानिब से उपहार स्वरूप घर-ग्रहस्थी की सामग्रियों का वितरण कर,निकाह में मौजूद तमाम लोगों को लंगर ए मोहम्मदी तक्सीम किया गया।इज्तेमाई शादी के 15 वे वर्ष में बालाघाट तशरीफ़ लाए मुफ्ती ए महाराष्ट्र मुजतबा शरीफ़ साहब क़ब्लिा ने अपनी तक़रीर(बयान) में इसी तरह की एकता का संदेश देते हुए, इज्तेमाई शादी की जमकर तारीफ़ की वही उन्होंने फ़ज़ूल खर्ची पर रोक लगाने, औऱ इस्लामी रस्मो के अनुसार निकाह को आसान बताते हुए, अजीमो शान तक़रीर पेश की।इस दौरान सोसायटी अध्यक्ष सोहेल एजाज, उपाध्यक्ष -मो.रियाज गनी, सचिव आसिफ शेख, आसिफ़ राईन, जिला प्रवक्ता मो. इमरान कुरैशी, रहीम खान, सदस्य डॉ शकील खान, आदिल पटेल, समीर हुसैन(भुरू भाई) मो. यानिस मदार, इक़बाल कुरैशी, और फ़रीज खान,सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**फिजूल खर्ची पर रोक,अब तक 300 जोड़ो का निक़ाह करा चुकी है सोसायटी:** फिज़ूलखर्ची पर रोक लगाने और सामाजिक स्तर पर शादी के लिए पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करने के लिए हर साल जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर मुस्लिम एजुकेशनल एण्ड कल्चरल सोसायटी की जानिब से इज्तेमाई शादी का इन्तेजाम किया जाता है जिसमें सोसायटी की जानिब से शादी के पूर्व होने वाली मिलाद,बरात रवानगी,सहित अन्य आयोजन कर मुस्लिम रस्मो रिवाज के अनुसार आवेदन करने वाले मुस्लिम युवक युवतियों का निकाह कराया जाता है सोसायटी की जानिब से पिछले 15 वर्षो से यहां आयोजन किया जा रहा है। जिसमे अब तक करीब 300 निक़ाह सम्पन्न कराए जा चुके है।वही सोसायटी द्वारा आगामी समय मे इस आयोजन को भव्य रूप प्रदान करने की बात कही गई है।

**सेहरा गाते निकाली गई बारात:** अंजुमन शादी हॉल में आयोजित इस इज्तेमाई शादी की शुरुवात बारात रवांगी के साथ अंजुमन शादी हॉल की गई.यह बारात अंजुमन शादी हॉल से बैहर चौकी, वहां से देवी तालाब रोड से मेन मार्केट होते हुए काली पुतली चौक, आंबेडकर चौक से जय स्तंभ चौक, वहां से बूढी अस्पताल मार्ग से बस स्टैंड, रानी आवंती बाई चौक होते हुए रजा चौक, जामा मस्जिद से वापस अंजुमन शादी हाल पहुंची।जहां सोसाइटी की जानिब से मुस्लिम युवक युवतियों का निकाह संपन्न कराया गया.

**नही ली जाती शासकीय मदद, आवाम की इम्दाद से होता है आयोजन:** आज के दौर में भव्य रूप से आयोजित होने वाले कोई भी सामाजिक कार्य बिना शासकीय मदद के होना ,लगभग असंभव सा हो गया है लेकिन मुस्लिम एजुकेशनल एण्ड कल्चरल सोसायटी की जानिब से हर साल ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर आयोजित होने वाली इस इज्तेमाई शादी में किसी भी प्रकार की शासकीय मदद नही ली जाती औऱ यहां तमाम आयोजन सिर्फ मुस्लिम आवाम की मदद और इम्दाद से सम्पन्न कराया जाता है।जिसमें मुस्लिम समाज के लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है और इस आयोजन को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करते है।

# वारासिवनी में की गई मेडिकल स्टोर्स की जांच

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप के मार्गदर्शन में 15 नवंबर को वारासिवनी स्थित औषधि विक्रय संस्थानों का संयुक्त दल द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में नायाब तहसीलदार वारासिवनी, राजस्व निरीक्षक एवं औषधि प्रशासन द्वारा मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दवाइयों के रखरखाव, अवसान तिथि बीत चुकी औषधियों के संधारण, पशु उपयोग वाली औषधियों के संधारण, विशेष तापमान पर स्टोरेज में रखने वाली दवाइयों का साधारण एवं बिल बाउचर की बारीकी से जांच की गई निरीक्षण के दौरान वारासिवनी में मैसर्स प्रिया मेडिकल, मेसर्स न्यु बसंत मेडिकल, मेसर्स माँ दुर्गा मेडिकल, मेसर्स चौधरी मेडिकल स्टोर, मेसर्स यश मेडिकल, मेसर्स ठाकरे मेडिकल स्टोर्स, मेसर्स अमूल्य मेडिकल, मेसर्स पंकज मेडिकल स्टोर, मेसर्स सतगुरु मेडिकल स्टोर्स , मेसर्स साई मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण दल द्वारा जांच की गई। निरीक्षण के दौरान चिन्हित औषधियों के रिकार्ड जांचे गए।

# शासकीय महाविद्यालय हट्टा में 150 वाँ जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** शासकीय महाविद्यालय, हटा जिला बालाघाट में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष पर जनजाति गौरव दिवस बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न तिथियों पर जनजातीय संस्कृति, कला और परंपरा को प्रदर्शित करने हेतु विविध सांस्कृतिक एवं प्रतियोगी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रमों में रंगोली, मेहंदी, लोक कला, लोक नृत्य तथा पोस्टर प्रतियोगिता शामिल थीं। विद्यार्थियों ने इन सभी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेकर अपनी सृजनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज की गौरवशाली संस्कृति, परंपराओं तथा भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षमय जीवन एवं योगदान को जन-जन तक पहुँचाना था।कार्यक्रमों के सफल संचालन में महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। प्राचार्य महोदय के मार्गदर्शन और प्रेरणा से संपूर्ण आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को जनजातीय समाज की संस्कृति, एकता, और स्वाभिमान के संरक्षण का संदेश दिया। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से सीख लेते हुए समाज में जागरूकता और समानता के प्रसार पर बल दिया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम का समापन 14 नवंबर 2025 को किया गया। समापन समारोह में प्राध्यापकगण, विद्यार्थी एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। सभी ने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों का अनुसरण करते हुए जनजातीय समाज के गौरव और परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# हेलमेट अभियान : कॉलेज छात्रों ने चालकों को समझाया, 1 दिसंबर से पिछली सवारी को भी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रविवार को सड़कों पर उतरकर लोगों को हेलमेट पहनने की उपयोगिता समझाई।

इस दौरान, नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर ने भी वाहन चालकों को हेलमेट के महत्व के बारे में बताया। छात्रों ने बैनर लेकर हेलमेट पहने चालकों का स्वागत कर उन्हें चॉकलेट दी, जबकि बिना हेलमेट वाले चालकों को समझाया कि घर पर कोई उनका इंतजार कर रहा है।

बालाघाट पुलिस ने 1 जून से दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य कर दिया है। इसके अतिरिक्त, आगामी 1 दिसंबर से पिछली सीट पर बैठने वाली सवारी के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा।

सीएसपी वैशालीसिंह कराहलिया ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत चेकिंग पॉइंट पर तो लोग हेलमेट पहनते हैं, लेकिन आगे बढ़ते ही उसे उतार देते हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी जीवन सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनें।

सीएसपी ने जोर दिया कि सड़क हादसों में होने वाली अधिकांश मौतें सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण होती हैं। इसी तथ्य को लोगों तक पहुंचाने और उन्हें हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने हेतु छात्र-छात्राओं को शहर के चौराहों पर तैनात किया गया है।

इस जागरूकता अभियान के दौरान यातायात प्रभारी यीना राहंगडाले सहित पुलिस और यातायात पुलिस का अमला भी मौजूद रहा।

# राज्य स्तरीय रोड साइकलिंग प्रतियोगिता मे बालाघाट के बच्चों ने रचा इतिहास

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट के नेशनल हाईवे पर स्तिथ भमोढ़ी से रेंगाटोला के मध्य शुरू हुई राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता मे तीसरे दिन जबलपुर संभाग के बालाघाट जिले के बच्चों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा जिला दीपक गिरी गोस्वामी एवं प्रतियोगिता संयोजक शैलेश नागपुरे एवं जिला साइकिल संघ के सचिव मनोज उपवंशी ने बताया कि 69 वी राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में तीसरे दिन बालाघाट के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया इस प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग ने बालक/ बालिका 19 वर्ष मे आज व्यक्तिगत टाइम ट्रायल में स्वर्ण पदक और मास स्टार्ट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय ने बताया ट्रैक पर सुरक्षा कर्मी, यातायात पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉ. साक्षी गौतम के नेतृत्व में स्वास्थ्य दल उपस्थित रहा । प्रतियोगिता में कुल 16 मे से जबलपुर संभाग ने 12 गोल्ड मैडल प्राप्त किये हैं। प्रतियोगिता में 8 संभागों से लगभग 250 खिलाडी और 40 कोच /मैनेजर हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता मे तकनीकी पदाधिकारी श्रीमती शारदा सोनी श्री मनोज गुप्ता श्री प्रतीक उपाध्याय, अनिल मलवरिया, श्री शैलेंद्र पटेल, अजय बाथम मनोज उपवंशी, विशेष तिवारी कृष्ण कुमार कुशवाहा राजेश सोनकर, शैलेश नागपुरे, दिनेश वशिष्ठ, हरीश दुहारे,राजेंद्र सहारे, छाया सोलाखे, राजेश बिसेन, पुरुषोत्तम लिल्हारे, हेमवंत माहुले, नवजीत दुबे, छतर सिंह ठाकरे, रानू मरावी, रौशनी उइके, मोहिनी गौतम, उर्वशी, सुरेंद्र कुमार चित्रव, विजय बोपचे, लक्ष्मी मेडे, ज्योति पंचेश्वर, प्रीति वैद्य,आदि शामिल रहे ।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल का बालाघाट आगमन

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री, श्री प्रहलाद सिंह पटेल का 17 नवंबर को बालाघाट आगमन हो रहा है। मंत्री श्री पटेल 17 नवंबर को प्रातः 09 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेंगें और दोपहर 12 बजे बालाघाट जिले के ग्राम कनकी पहुंचेंगें। दोपहर 12.10 बजे ग्राम कनकी में सरपंचों द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे दोपहर 12.25 बजे नाट्यकला परिषद बालाघाट में उमा श्री फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिभा वृत्ति एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगें। मंत्री श्री पटेल दोपहर 1.15 बजे सरदार पटेल यूनिवर्सिटी पहुंचेंगें और सरदार पटेल एजुकेशन ग्रुप के रजत जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगें।

# जैन कलार समाज बालाघाट का दीपावली मिलन समारोह और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** जैन कलार समाज बालाघाट के सौजन्य से आज दिनांक 15 नवंबर 2025 को कमला नेहरू बालाघाट में दीपावली मिलन समारोह और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में बालाघाट के डॉक्टर्स श्री अंकित राणा, श्रीमती गीतिका राणा, श्री दीपांक रामटेककर, श्रीमती कल्याणी रामटेककर, श्री डी आर भरने, श्रीमती प्रीति भरने, श्री राकेश दहीकर, श्री धर्मेन्द्र सोनवाने पैथोलॉजिस्ट ने सहयोग प्रदान किया। श्री महेन्द्र सोनवाने जी के सफल संचालन में सर्वप्रथम जैन कलार समाज के आराध्य मां जैना देवी, और भगवान सहस्त्रबाहु का पूजन समाज के अध्यक्ष श्री प्रभाकर रणदीवे , श्री रविन्द्र सोनवाने , सुरेन्द्र सोनवाने, गिरीश दुरुगकर तथा समस्त डॉक्टर्स के साथ किया गया। तत्पश्चात समाज के पदाधिकारी धनंजय सोनवाने, प्रभात मुरकुटे, योगेंद्र दहीकर (ADV)सुनील मुरकुटे, महेंद्र पलांदुरकर , वासुदेव आसटकर, प्रीति दुरुगकर, अलका रामटेककर, वंदना सोनवाने, मंजू सोनवाने ने डॉक्टर्स का स्वागत किया। देवांशी भरने, हिमांशी भरने ने स्वागत गीत गाया। तत्पश्चात समाज के संरक्षक मंडल के सदस्य झनकराम मानेपुरे, शेषराम दहीकर, राधेश्याम आसटकर, लक्ष्मीकांत रामटेककर के द्वारा फीता काटकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर प्रारम्भ किया गया।

समाज के सचिव धनंजय सोनवाने ने बताया कि समाज को स्वस्थ रखकर ही देश को स्वस्थ रखा जा सकता हैं। हमारा समाज स्वस्थ समाज निरोगी काया की राह पर चलकर सभी साथियों को स्वस्थ रखने में अपना योगदान दे रहा हैं। साथ ही समाज के द्वारा उठाए गए सुधारात्मक कदमों पर प्रकाश डाला गया तथा आने वाले समय में समाज द्वारा किए जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में बताया गया।

अंत में अध्यक्ष महोदय ने महिला समिति की घोषणा की जिसमें संयोजक श्रीमती गीता दहीकर, सह संयोजक श्रीमती वंदना सोनवाने, तथा एरिया प्रभारी श्रीमती गिरिजा दुरुगकर, रेखा खोबरागड़े, भूमेश्वरी आसटकर, ललिता मानापुरे, संध्या आसटकर, ज्योति सोनवाने, सुनीता आसटकर, चेतना सोनवाने, मंजू मुरकुटे, योगेश्वरी मुरकुटे, मंजू सोनवाने, नेहा राकेश दहिकर, नेहा मुकेश दहीकर, माया रामटेककर, रेखा दहीकर, स्वाति मुरकुटे, कुमुद पलांदुरकर, अर्चना सोनवाने नियुक्त किए गए । समस्त कार्यकारिणी ने महिला समिति के नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की और शुभकामनाएं दी । अन्त में सभी सदस्यों, डॉक्टर्स और उपस्थित समाज के सदस्यों का हार्दिक आभार जताया गया। श्रीमती सरोज आसटकर ने बताया कि बैहर क्षेत्र में हुई प्रियंका भंडारकर की दर्दनाक नृशंस हत्याकांड की जैन कलार समाज ने निंदा की है।

# एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव में बाल दिवस कार्यकम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



14 नवम्बर 2025 दिन शुकवार को एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगाँव में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें संस्था के संचालक ए.आर. कुशले एवं प्रधानपाठिका श्रीमतो ममता कुशले के द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलीत किया गया व छात्रां एवं शिक्षको के द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न सांस्कतिक कार्यकम प्रस्तुत किए गए साथ ही कार्यकम में विद्यार्थियो के द्वारा आर्ट एण्ड काफट प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, फैशिन डिजाइनिंग, की प्रस्तुति बच्चों के द्वारा दी गई, साथ ही छात्रों के द्वारा आनंद मेला का आयोजन भी किया गया। कार्यकम मे पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे, विजय पटले, उपाध्यक्ष प्रकाश पटले, रोहितलाल बिलधैया सचिव भुमेश्वर तुरकर, गणेश बाहे सहसचिव दुलीचन्द कावडे, खुशराज राहंगडाले महिला संघ समिति में अध्यक्ष श्रीमती सविता मिसारे, योगिता राहंगडाले उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का भरें, सुजाता रामटेके सचिव श्रीमती वर्षा पटले, सीमा इनवाती सहसचिव श्रीमती कविता कुशले, पदमा बिहोने एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं पालकगणों की उपस्थित रही। कार्यकम के अंत में उत्कष्ट प्रस्तुती देने वाले छात्रों को पुरुस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया व विद्यालय के समस्त छात्रों को लंच व मिठाई का वितरण किया गया।

## ग्राम गोवारी के कार्यक्रम में बैहर क्षेत्र के विधायक रहे उपस्थित

# विधायक निधि से ग्राम गोवारी में भगवान बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा का अनावरण



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 15 नवंबर 2025 को बैहर विधान सभा के विकासखंड बिरसा अंतर्गत ग्राम पंचायत गोवारी में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रतिमा का अनावरण कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम ग्रामवासियों के द्वारा ग्राम भ्रमण और गोगो पूजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैहर क्षेत्र के विधायक श्री संजय उइके के द्वारा प्रतिमा के समक्ष पूजा कर कोया माल्यार्पित कर प्रतिमा अनावरण किया गया।मंचीय कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्री संजय उइके के द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।उनके जीवन संघर्ष के बारे में लोगों को बताया गया।विधायक श्री संजय उइके ने कहा कि बिरसा मुंडा वो महापुरुष थे जिन्होंने जंगल पहाड़ों में रहने वाले गरीब आदिवासी भाईयों के दुःख दर्द को समझा।उन्होंने अंग्रेज़ों के अन्याय,जागीरदारों के अत्याचार और समाज की कुरीतियों के खिलाफ एक ऐसी ज्वाला जलाई जिसने पूरे देश को आंदोलित कर दिया।

## स्कूल के अध्ययनरत बच्चो ने खेलकूद में भाग लेकर दिखाई प्रतिभा, प्रबंधन ने किया सम्मान

# भेंडारा पीएमश्री विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



शासकीय पीएम श्री उच्च.माध्य. विद्यालय भेंडारा में 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री प. जवाहरलाल नेहरू के 136 वें जन्म दिवस के अवसर पर बाल दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर विद्यालय परिवार में स्कूल प्रबंधन के द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य रविकांत नागपुरे की अध्यक्षता में किया गया । बताया गया की स्कूल में बाल दिवस बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया तथा अध्ययनरत बच्चो के द्वारा गीत, भाषण, कविता सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा की झलक दिखाई। साथ ही जलेबी दौड, खो खो, कुर्सी दौड , कबड्डी सहित अन्य खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी रश्मि तुरकर के द्वारा कार्यक्रम को सफल और व्यापक बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किया। सभी शिक्षको के द्वारा बच्चो को मार्गदर्शित किया और भविष्य उज्जवल बनाने के लिए प्रेरणादायक वक्तव्य व विचारो से अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रविकांत नागपुरे के द्वारा विद्यार्थीयो के लिए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रेरणास्त्रोत विचारो को रखा। साथ ही पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान आर.डी.खोखले, अमित भवरे, सुकवंता पटले, एन. के.आडे, तुलेश उपवंशी, विजय गुप्ता, आशीष पारधी सहित अन्य शिशको के द्वारा बच्चो को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए शिक्षाप्रद जानकारी प्रदान की।